


MPHIN/2021/83938

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 118 | ग्वालियर,8 जनवरी सोमवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## मंजिल पर पहुंचा आदित्य एल1, शिवराज सिंह चौहान बोले- भारत का सूर्य नमस्कार...



इंडियन स्पेस रिसर्च ओर्गनाइजेशन ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है. इसरो के पहले सूर्य मिशन-आदित्य एल1 आज लैग्रेंज प्वाइंट में प्रवेश कर गया है. पिछले साल सितंबर में आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से लॉन्च हुआ आदित्य एल1 आज अपनी आखिरी प्रक्रिया से होकर गुजरा. वहीं इसरो की इस सफलता को लेकर बधाइयों का दौर शुरू हो चुका है. इस बीच मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी शुभकामनाएं दी हैं.शिवराज सिंह चौहान ने एक्स हैंडल पर लिखा, ÷भारत का सूर्य नमस्कार. आदित्य-एल1 पहुंचा मंजिल पर. नित नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए इसरो ने एक बार फिर देशवासियों को गौरवान्वित होने का अवसर दिया है. इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए इसरो की पूरी टीम को बधाई तथा शुभकामनाएं देता हूं.÷

## एमपी में कोहरे की वजह से हवाई यात्री परेशान राजा भोज एयरपोर्ट पर 2-3 घंटे लेट हुईं फ्लाइट्स



मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में कोहरे का जबरदस्त असर देखा जा रहा है. यहां अब कोहरे का असर ट्रेन, बस और फ्लाइटों पर भी पड़ रहा है. राजाभोज एयरपोर्ट पर आने वाली फ्लाइटें निर्धारित समय से डेढ़ से ढाई घंटे देरी से पहुंची. कोहरे की वजह से इंडिगो एयरलाइंस की आगरा-मुंबई और दिल्ली से आने वाली फ्लाइटों पर असर पड़ा. फिलहाल इंडिगो एयरलाइंस की मुंबई से भोपाल आने वाली फ्लाइट एक घंटा 45 मिनट लेट पहुंची. एयरपोर्ट प्रबंधन के अनुसार मुंबई से भोपाल आने वाली इंडिगो की 6एम-5172 का निर्धारित 8.45 बजे हैं, लेकिन यह 10.30 बजे भोपाल पहुंची. इसी तरह इंडिगो की आगरा से भोपाल आने वाली 6एमए-7929 फ्लाइट का निर्धारित समय सुबह 9 बजे का है, लेकिन यह 2 घंटे 45 मिनट लेट पहुंची. इसी तरह इंडिगो की 6एम-6232 फ्लाइट तो उड़ान ही नहीं भर सकी, जबकि यह फ्लाइट सुबह 8.15 बजे भोपाल पहुंचती है.

## प्रदीप मिश्रा, धीरेंद्र शास्त्री समेत प्रदेश के 121 साधु-संतों को अयोध्या का निमंत्रण, 35 लाख परिवारों तक...



अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर हर कोई उत्साहित है. श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट द्वारा प्रदेश के साधु संतों को आमंत्रण भेजे जा रहे हैं. अब प्रदेश के 121 साधु संतों को अयोध्या का निमंत्रण मिला है, इनमें सीहोर के अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा, बागेश्वर धाम के संत धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री और रावतपुरा सरकार, पंडोखर सरकार, करुणाधाम के शांडिल्यजी और गुफा मंदिर प्रमुख शामिल हैं. इधर विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल द्वारा भी अयोध्या से आए अक्षत पहुंचाने का सिलसिला घर जारी है. विहिप के प्रांत मंत्री और अक्षत वितरण अभियान के संयोजक राजेश जैन के अनुसार निधि समर्पण अभियान के अंतर्गत 32 लाख परिवारों के दस्तक दी थी, लेकिन अब हमारा प्रयास है कि 35 लाख से अधिक घरों तक अक्षत पहुंचाए जाएं.

**11 से 1 बजे तक उत्सव**-विहिप संयोजक राजेश जैन के अनुसार 22 जनवरी को 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक 11 हजार मंदिरों और घरों में उत्सव मनाया जाएगा, इस दौरान प्रभात फेरी के कार्यक्रम भी होंगे. मंदिरों और प्रमुख स्थलों पर बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाकर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण दिया जाएगा. उन्होंने बताया कि शीत लहर पर राम लहर भारी है.पांच सदी के संघर्ष के बाद राम मंदिर का निर्माण हो रहा है. प्रभु श्री राम धर्म की मूर्ति नहीं विग्रह हैं, स्वयं धर्म हैं. जीवन का मर्म हैं, आदि और अंत हैं. हमारा सौभाग्य है कि मंदिर निर्माण हमारे सामने हो रहा है और हम सभी उसमें अपना योगदान दे रहे हैं.

## इंदौर के रणजीत हनुमान मंदिर में युवक की बेरहमी से हत्या, पुलिस ने 8 घंटे के भीतर 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार



मध्य प्रदेश के इंदौर में रणजीत हनुमान मंदिर की 137 साल पुरानी परंपरा प्रभात फेरी में गुरुवार (4 जनवरी) को खूनी झड़प हो गई थी. प्रभात फेरी के दौरान कुछ बदमाशों ने चाकूबाजी करके कार्यक्रम में दशहत फैला दी. साथ ही भीड़ का फायदा उठाते हुए बादमाशों ने चाकू से एक दूसरे पर हमला किया, जिससे एक युवक की मौत हो गई थी. इस बीच घटना के 8 घंटे बाद ही पुलिस ने इस हत्याकांड का खुलासा किया है. पुलिस ने इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है. जानकारी के अनुसार आपसी विवाद की वजह से आरोपियों ने हत्या की घटना को अंजाम दिया था. बता दें हत्या के बाद पुलिस ने तत्काल तीन टीम गठित की और घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले. वहीं चश्मदीद और सोशल मीडिया से मिले वीडियो सहित अन्य जानकारी और हुलिये के आधार पर आरोपियों की तलाश की गई.

## देर रात उज्जैन की सड़कों पर निकले सीएम मोहन यादव, कड़कड़ाती ठंड में लोगों को बांटे कंबल, बोले- नर की सेवा ही...

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव शनिवार (6 जनवरी) की रात 12 बजे उज्जैनपहुंचे. सीएम इसके बाद सीधा देवास गेट बस स्टैंड पहुंचकर फुटपाथ पर सो रहे लोगों को कंबल वितरित किया. इसके बाद उन्होंने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि नर की सेवा ही नारायण की सेवा है. अभी जो लोग फुटपाथ पर सो रहे थे, उन्हें उठाना मुनासिब नहीं समझा, लेकिन कंबल वितरित करवा दिए गए हैं. आगे से सभी की व्यवस्था रैन बसेरे में हो, ऐसा सुनिश्चित किया जाएगा.

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उज्जैन पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया. उनके साथ स्थानीय विधायक और प्रशासन, पुलिस विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे. डॉ मोहन यादव सीधे देवास गेट बस स्टैंड पहुंचे यहां उन्होंने फुटपाथ पर सो रहे लोगों को कंबल दिए. उन्होंने कहा कि सिंहस्थ महापर्व की तैयारी अभी से शुरू कर दी गई है. उन्होंने हरिद्वार में साधु संतों को सिंहस्थ को लेकर आमंत्रित भी किया है.



**शिवराज का नाम लेना नहीं भूले मोहन यादव**-इसके साथ ही सीएम ने कहा कि साधु संत सरकार के साथ मिलकर सिंहस्थ के और अधिक विस्तार की दिशा में मार्गदर्शन दें. उन्होंने कहा कि साधु संतों का भी पूरा आशीर्वाद सरकार को मिल रहा है. साधु संतों ने उज्जैन आने की स्वीकृति दी है. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मीडिया से चर्चा के दौरान यह भी कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यों को आगे बढ़ाने में उनकी सरकार पूरी तन्मयता के साथ जुटी हुई है.

## मुंह चलाने से नहीं बल्कि..., जबलपुर में जीतू पटवारी ने दी सीएम मोहन यादव को नसीहत



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने 32 दिन पुरानी डॉ मोहन यादव की सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि अपने चुनावी संकल्प पत्र को गीता-रामायण बताने वाली इस सरकार ने ना तो धान और गेहूं का मूल्य बढ़ाया है और ना ही जनता को साढ़े चार सौ रुपये में सिलेंडर देने का वादा पूरा किया है.दरअसल, जीतू पटवारी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद अपने पहले जबलपुर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पर भी तीखा हमला बोला. यहां पत्रकारों से बातचीत में जीतू पटवारी ने कहा, ÷मुंह चलाने से नहीं बल्कि कलम चलाने से सरकार चलती है. हमारे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मुख्यमंत्री कलम चलाएं और आदेश-निर्देश जारी करें. पटवारी ने आरोप लगाया कि रामायण-गीता जैसे संकल्प पत्र का एक भी वचन नहीं बीजेपी सरकार ने नहीं निभाया है.÷वहीं तीन दिन पहले जबलपुर में हुई कैबिनेट बैठक पर जीतू पटवारी ने कहा कि विभागों के बंटवारे के बाद ये पहली बैठक थी. ठीक उसी दिन ये भी पता चला कि जनवरी से मार्च के बीच प्रदेश सरकार 28 हजार 500 करोड़ रुपए कर्ज लेगी, जबकि पहले से ही मध्य प्रदेश सरकार कर्ज में है.पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा, ÷विधानसभा सत्र में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने घोषणा पत्र लहराया और उसे गीता और रामायण बताया, पर उन्होंने गीता और रामायण के एक भी अक्षर का पालन नहीं किया. सरकार ने पूरे कैबिनेट में अपने एक भी शब्द का पालन नहीं किया.÷ जीतू पटवारी ने कहा कि विधानसभा में आए परिणामों को भूलकर कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है. 6, 7 और 8 जनवरी को भोपाल में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक है. उन्होंने कहा कि दो-तीन दिन में बहुत सारी नियुक्ति होने वाली है.वहीं चुनावी नतीजों को लेकर जीतू पटवारी ने कहा, ÷विधानसभा चुनाव में एक व्यक्ति ऐसा नहीं था, जो कि ये बोल रहा था कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बन रही है. मीडिया का सर्वे हो या फिर पॉलिटिकल डाक्टर कोई नहीं कहता था, इसके बाद भी जो रिजल्ट आया वो सिर-माथे में है.÷जीतू पटवारी ने सरकार से अनुरोध किया है कि जो जनता से वादा किया था उसे निभाओ,नहीं तो कांग्रेस पार्टी अपना दायित्व निभाते हुए सरकार के खिलाफ खड़ी होगी. उन्होंने कहा कि अच्छा लोकतंत्र अच्छे विपक्ष के साथ चलता है और अच्छा विपक्ष मीडिया से साथ चलता है. कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा, ÷मीडिया जब तक विपक्ष को ताकत नहीं देगा, तब तक विपक्ष अपना काम ईमानदारी से नहीं कर सकता है. विपक्ष के साथ-साथ मीडिया का काम भी बहुत जरुरी है. इसलिए मीडिया भी हमारा साथ दे.÷प्रदेश कांग्रेस में जल्द ही सर्जरी हो सकती है, इस सवाल पर जीतू पटवारी ने कहा कि जब नई विधा आती है तो नई परंपरा के साथ आती है, और हमें निर्देश भी यही मिला है कि प्रदेश सगंठन युवा हो.उन्होंने कहा कि हमेशा से बोला जाता था कि कांग्रेस में गुट है, लेकिन मैं कहता हूं कोई गुट नहीं है. सब एक साथ मिलकर काम करेगे

### पीएम जन-मन अभियान को पूरी गंभीरता से लें ङ्क संभाग आयुक्त श्री सिंह

## मिशन मोड पर काम कर एक हफ्ते में सभी सहरिया परिवारों का सर्वे पूर्ण कराने के दिए निर्देश ,संभाग आयुक्त ने बैठक लेकर की अभियान की समीक्षा

**ग्वालियर** - /- सभी विभागों के मैदानी अधिकारी ङ्क कर्मचारियों को सहरिया जनजाति बहुल बसाहटों में घर-घर भेजें और एक हफ्ते के भीतर सर्वे का काम पूरा कराएँ। पीएम जन-मन अभियान (प्रधानमंत्री जाजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान) के तहत किए जा रहे सर्वे के काम को मिशन मोड पर लें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की ड़िलाई सामने आने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इस आशय के निर्देश संभाग आयुक्त श्री दीपक सिंह ने ग्वालियर ङ्क चंबल संभाग के सभी संभागीय व जिला स्तरीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने संभागीय अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि अभियान की प्रगति की प्रतिदिन मॉनीटरिंग करें। संभाग आयुक्त श्री दीपक सिंह ने रविवार को संभाग आयुक्त कार्यालय में पीएम जन-मन अभियान के क्रियान्वयन से जुड़े सभी विभागों के संभागीय अधिकारियों की बैठक ली। साथ ही सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी गूगल मीट के माध्यम से इस बैठक में शामिल हुए। बैठक में ग्वालियर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार भी मौजूद थे।

बैठक में संभाग आयुक्त श्री सिंह ने सभी विभागों के संभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस अभियान की सतत मॉनीटरिंग करें और अधीनस्थ जिला स्तरीय अधिकारियों से समन्वय बनाकर एक हफ्ते में सर्वे का काम पूरा कराएँ। उन्होंने संभाग के सभी जिलों के जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि पीएम जन-मन अभियान के एजेण्डे पर हर पंचायत में ग्राम सभा व ग्राम पंचायतों की बैठकों का आयोजन कराएँ। इसी तरह जनपद पंचायत व जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठकें भी आयोजित कराएँ। इन बैठकों में पीएम जन-मन अभियान के बारे में जानकारी दें। साथ ही जनप्रतिनिधियों के सुझाव प्राप्त कर कार्ययोजना में शामिल करें। उन्होंने जिला स्तर पर सांसदगण व विधायकगणों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की बैठक बुलाकर इस योजना के बारे में जानकारी देने के लिये भी कहा। संभाग आयुक्त श्री सिंह ने बैठक में पीएम जन-मन अभियान के क्रियान्वयन के लिये बनाई गई कार्ययोजना और सर्वे की वस्तुस्थिति की जिलेवार समीक्षा की। साथ ही निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये आशा कार्यकर्ताओं की जवाबदेही तय करें और जो आशा कार्यकर्ता एक हफ्ते के भीतर इस काम को पूरा नहीं करें, उन्हें कार्य से पृथक करने की कार्रवाई की जाए। साथ ही कहा सर्वे के दौरान मैदानी अधिकारी अपने साथ योजनाओं के आवेदन फॉर्म लेकर जाएँ और पात्र सहरिया व्यक्तियों के फॉर्म भरवाकर उन्हें लाभान्वित कराएँ। बैठक में संभाग आयुक्त ने जोर देकर कहा कि पीएम जन-मन अभियान के तहत संभाग में निवासरत सहरिया जनजाति के शतप्रतिशत परिवारों को लाभान्वित कराने के लिये सरकार ने 9 बिंदु निर्धारित किए हैं। अभियान के तहत 16 प्रकार की योजनाओं से सभी पात्र सहरिया व्यक्तियों को लाभान्वित कराया जाना है। इसके अलावा शासन की अन्य नियमित योजनाओं का लाभ भी सहरिया परिवारों को अनिवार्यतः देना है। योजनाओं से लाभान्वित कराने के साथ-साथ शेष सहरिया जनजाति बहुल बस्तियों को बारहमासी सड़कों से जोड़ने और बस्ती के अंदर अधोसंरचनागत कार्य भी अनिवार्यतः किए जाने हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के संभागीय अधिकारी को ताकीद किया कि यदि कोई भी सहरिया बहुल बस्ती सड़क से जुड़ने से छूटी तो उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जायेगी।



**प्रधानमंत्री श्री मोदी 15 जनवरी को करेंगे हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद**- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 15 जनवरी को जनजाति के हितग्राहियों से पीएम जन-मन अभियान के संबंध में वर्चुअल संवाद करेंगे। संभाग आयुक्त श्री दीपक सिंह ने बैठक में जानकारी दी कि इस दिन संभाग के शिवपुरी जिले के एक हितग्राही से भी प्रधानमंत्री चर्चा करेंगे।

**इन योजनाओं से शतप्रतिशत सहरिया परिवारों को कराया जाएगा लाभान्वित**- पीएम जन-मन योजना के तहत घर-घर सर्वे कर शेष सभी सहरिया लोगों के आधारकार्ड बनाए जायेंगे। पीएम गरीब कल्याण योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम जन-धन, पीएम जीवन ज्योति बीमा व पीएम सुरक्षा बीमा योजना का लाभ दिलाया जायेगा। साथ ही पीएम विश्वकर्मा, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम मातृ वंदना योजना, पीएम सुरक्षित मैत्रिय अभियान, पीएम नेशनल डायलेसिस प्रोग्राम, स्किल सेल मिशन और राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम का लाभ भी शतप्रतिशत सहरिया जनजाति के लोगों को दिलाने का लक्ष्य लेकर यह अभियान शुरू किया गया है।

**ग्वालियर-चंबल संभाग में सहरिया जनजाति की कुल 5,50,385 जनसंख्या**-ग्वालियर व चंबल संभाग में सहरिया जनजाति की कुल जनसंख्या 5 लाख 50 हजार 385 है। इसमें ग्वालियर संभाग के पाँच जिलों में 3 लाख 97 हजार 165 व चंबल संभाग के तीन जिलों में एक लाख 53 हजार 220 सहरिया जनसंख्या शामिल है। ग्वालियर जिले के अंतर्गत 61 बसाहटों में कुल 43 हजार 563 सहरिया व्यक्ति निवासरत हैं।

# पंचायत द्वारा डाली गई सी सी रोड चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट




**विवेक राय की रिपोर्ट**

**टीकमगढ़।** टीकमगढ़ जिले की पलेरा तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बखतपुरा में प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही के कारण लाखों रुपये का घोटाला किया जा रहा है जिसमें जिसमे सरपंच सचिव एवं रोजगार सहायक की मिलीभगत से लाखों रुपये की हेराफेरी की जा रही हैं ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत बखतपुरा में देखने को मिल रहा है जिसमें समसुद्दीन खान के मकान से हरसेवक के मकान तक सी सी रोड का निर्माण कराया जाना था लेकिन सरपंच



सचिव रोजगार सहायक की मिलीभगत से कोई निर्माण नही कराया गया जिससे वहां पर भारी गंदगी का अंबार लगा हुआ है अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस ओर क्या कार्यवाही करता है

# : एआईसीसी महासचिव मप्र प्रभारी भंवर जितेन्द्र सिंह,कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार,उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे 9 जनवरी से 12 जनवरी तक ग्वालियर- चम्बल प्रवास पर रहेंगे

## दतिया, भिण्ड, मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी, गुना और अशोकनगर जिले का 4 दिवसीय संयुक्त दौरा करेंगे

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड**
**पुष्पांजली टुडे**

भोपाल । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, मप्र प्रभारी श्री भंवर जितेन्द्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी, मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार और उपनेता प्रतिपक्ष श्री हेमंत कटारे मंगलवार, 9 जनवरी से 12 जनवरी 2024 तक दतिया, भिण्ड, मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी, गुना और अशोकनगर जिले का 4 दिवसीय संयुक्त दौरा करेंगे। नेतात्रय इस दौरे के दौरान उक्त जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक बैठकें लेंगे साथ ही लोकसभा चुनाव की तैयारियों और रणनीति पर स्थानीय स्तर पर वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि नेतागण मंगलवार, 9 जनवरी को वंदे भारत ट्रेन द्वारा सुबह 5.40 बजे भोपाल से झांसी प्रस्थान करेंगे और सुबह 8.40 बजे झांसी पहुंचेंगे, नेतागण सुबह 11 बजे झांसी से दतिया जायेंगे जहां पीताम्बरा पीठ में मां पीताम्बरा के दर्शन, पूजा-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। नेतागण दतिया में ही पूर्वान्ह 11.30 बजे कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे और दोपहर 12.30 बजे दतिया से भाण्डेर जायेंगे, जहां दोपहर 1.30 बजे पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं



के साथ बैठक करेंगे, नेतागण दोपहर 3.30 बजे लहार और अपरान्ह सायं 6 बजे भिण्ड पहुंचकर वहां कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे, तत्पश्चात वे रात्रि 8 बजे भिण्ड में लोकसभा क्षेत्र के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। नेतागणों का रात्रि विश्राम भिण्ड में रहेगा।श्री सिंह ने बताया कि श्री भंवर, श्री पटवारी, श्री सिंघार और श्री कटारे बुधवार, 10 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे अटेर में दोपहर 1.30 बजे मेहगांव में, अपरान्ह 3.30 बजे अम्बाह में और सायं 5.30 बजे मुरैना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। नेतागणों का रात्रि विश्राम मुरैना में रहेगा।श्री सिंह ने आगे बताया कि नेतागण गुरूवार 11 जनवरी को मुरैना से सुबह 11 बजे जौरा पहुंचेंगे जहां कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के बाद, दोपहर 01 बजे सबलग?, अपरान्ह 3 बजे विजयपुर, सायं 5.30 बजे पोहरी और सायं 7.30 बजे शिवपुरी पहुंचकर वहां कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। नेतागणों का रात्रि विश्राम शिवपुरी रहेगा।श्री सिंह ने बताया कि नेतागण अपने निर्धारित दौरे के अंतिम दिन शुक्रवार 12 जनवरी को सुबह 10 बजे शिवपुरी से कोलारस जायेंगे, जहां वे सुबह 10.30 बजे कोलारस में बैठक लेंगे। नेतागण उसी दिन दोपहर 1 बजे गुना, अपरान्ह 3.30 बजे अशोकनगर, सांय 5.30 बजे मुंगावली पहुंचकर वहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें लेंगे। श्री भंवर,श्री पटवारी,श्री सिंघार और श्री कटारे उसी दिन सायं 6.30 बजे मुंगावली से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे और रात्रि विश्राम भोपाल में करेंगे। श्री सिंह ने बताया कि उक्त चारों नेतागण सभी दौरे कार द्वारा करेंगे।

# टमटम चालकों ने रूट निर्धारित कराने के लिए विधायक नरेंद्र सिंह से की मुलाकात

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह के स्थित निवास पर टमटम चालकों ने यातायात रुट निर्धारित करने के लिए एवं अन्य समस्याओं से अवगत कराया। विधायक श्री कुशवाह ने उनकी समस्याओं को सुनकर तत्काल विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया ।श्री कुशवाह ने टमटम चालकों से उनकी जन समस्याओं को संज्ञान में लेते ही कहा कि शहर को यातायात व्यवस्था के माध्यम से अच्छी से अच्छी व्यवस्था बनाना है,आवागमन अवरुद्ध न हो इसके लिए हम सब आपसी सहमति से विभाग एवं ट्रैफिक व्यवस्थाओं का सहयोग करते हुए शहर की यातायात व्यवस्था को एक प्रभावी बनाएं ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की कठिनाइयां ना हो।श्री कुशवाह ने टमटम चालकों को कहा कि



निर्धारित स्थानों पर अपनी टमटम गाड़ी ख?ी रखें। हर जगह खड़ी ना करें जिससे शहर में निकलने वाले नागरिकों को असुविधा नहीं हो, इसके लिए हम विशेष रूप से ध्यान रखें हम सब की जिम्मेदारी है की शहर सुधारण और स्वच्छ बने यात्रियों से अच्छा व्यवहार करें यही हमारे लिए आज का शुभ संदेश होगा। श्री कुशवाह ने कहा कि हर जगह टमटम खड़ी करने से आवागमन भी अवरुद्ध हो जाता है। निर्धारित स्थान पर हम खड़ी करेंगे तो निश्चित ही हमारे शहर की व्यवस्था सही बनेगी। ट्रैफिक पुलिस का भी पूर्ण रूप से हमें सहयोग करना है,यातायात व्यवस्था बनाए रखना टमटम चालकों की अहिम जिम्मेदारी है।श्री कुशवाह ने कहा की टमटम का जो रूट निर्धारित है वही हम चलाएं। टमटम चालकों ने सदर विधायक का सुबह से ही उनके घर पर यूनियन के समस्त पदाधिकारी एकत्रित हुए। श्री कुशवाह ने टमटम चालकों के रूट निर्धारित करवाकर ट्रैफिक व्यवस्था को सुद्रण करने हेतु व्यापारियों और ई रिक्शा चालकों के बीच में बैठक कराकर समस्या का निराकरण कराया।

# रोटरी क्लब एटा ने किया निशुल्क वस्त्र वितरण





**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर पुष्पांजलि टुडे**

एटा वस्त्र वितरण का भव्य आयोजन नगर पालिका परिषद एटा पर कैंप लगाकर गर्म वस्त्र और कंबल जिसका उद्घाटन फीता काट कर और दीप प्रज्ज्वलित कर गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद एटा की अध्यक्ष श्रीमती सुधा गुप्ता ने किया ,रोटरी क्लब एटा ने ठंड की ठिठुरन को निर्धन लोगों को बचाने के प्रयास को करते हुए कई एक दिन से शहर में जगह जगह घूम कर जहा भी ठंड से कापते लोग मिले उनको गर्म वस्त्र या कंबल उड़ाकर उनकी ठंड को दूर किया और ईट भट्ठो पर जाकर जगह-जगह गर्म वस्त्र बच्चों , पुरुषों और महिलाओं को वितरित किए और भोजन सामग्री भी पर्याप्त मात्रा में पहुंचाई गई, इसी क्रम में एक जरूरत मंद लोगों को निशुल्क वस्त्र वितरण का एक भव्य आयोजन नगर पालिका परिषद एटा के मुख्य द्वार पर 7 जनवरी दिन रविवार सुबह 11 बजे से किया गया। रोटरी क्लब एटा के कैंप नगर पालिका परिषद एटा पर वस्त्र वितरण कार्यक्रम में भीड़ देखते नही बन रही थीं एक तरफ गर्म कपड़े स्वेटर , टोपे , शाल, साड़ी,सूट और जैकेट तो बही कैंप पर कंबल लेने वालो की भीड़ उसमे भी काफ़ी साधू संत नजर आ रहे थे,ऐसे ही और कार्यक्रम रोटरी क्लब एटा समय-समय पर आप सभी के बीच में सेवा करने को आतुर है जिससे हमारे एटा के जो निर्धन और असहाय लोग है उनकी सेवा करने का मौका मिलता रहे, इसके लिए रोटरी क्लब एटा हर संभव प्रयास करती रहती है। उपस्थित रोटरियन अध्यक्ष नीरज गुप्ता, सचिव सौरव कुमार, कोषाध्यक्ष साजन देव वार्ष्णेय, कार्यक्रम संयोजक सनी जैन, वरूण वार्ष्णेय, वैभव सक्सैना, ईशांत वार्ष्णेय, चंद्रमोहन वार्ष्णेय, अमर कोषाल्यान, ऋषभ गुप्ता, हितेश्वर सहाय, मितांश देव, हर्ष गुप्ता,अमित गुप्ता, अशोक यादव, अंकुर यादव,संजीव वार्ष्णेय, नेहा जैन, ज्योति गुप्ता, साधना देव, सीमा गोस्वामी, रीतिका जैन, दीपा जैन, अर्चना, आरती, शिल्पी जैन आदि।

# धनौदा पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा , विधायक जी ने किया संबोधित

**सिरोंज**
**अभिषेक कुशवाह**




केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार एवं क्षेत्र में योजनाओं के उचित क्रियान्वयन की समीक्षा करने हेतु चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को सिरोंज तहसील के ग्राम धानौदा पहुॅंची। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित ग्रामीणों से बातचीत कर प्रचार रथ के माध्यम से विकसित भारत संकल्प वीडियो एल.ई.डी. के माध्यम से ग्रामीणों के बीच बैठकर देखा।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे गरीब एवं पात्र हितग्राही जिन्हें केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है उनके लिए क्षेत्र में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से उचित लाभ प्रदान करने का प्रयास सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकर करने हेतु अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति के कल्याण हेतु कार्य कर रही है ऐसे में हम जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं समाजसेवियों का यह दायित्व है कि हम सरकार की इन योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर हर जरूरत मंद को उसका लाभ प्रदान कराऐं। इस अवसर पर उन्होंने ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 9 गारंटी योजना पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत को विकसित देश बनाने हेतु देश के 80 करोड़ लोगों को मुफत राशन, 10 करोड़ महिलाओं को उज्जवला गैस, 4 करोड़ परिवारों को पक्के घर, साड़े 9 करोड़ घरों को नल स`जल, 15 करोड़ से ज्यादा किसानों को सम्मान निधि, 50 करोड़ लोगों को 5 लाख तक मुफत बीमा एवं बुजुर्गों के लिए अटल पेशन योजना सरकार द्वारा प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से शिकायती आवेदन प्राप्त कर वन-टु-वन चर्चा की एवं मौके पर ही अधिकांश शिकायती आवेदनों का निवारण किया। इस अवसर पर उन्होंने देश को मजबूत बनाने हेतु संकल्प भी कराया।इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष दरयाबसिंह कुर्मी, पूर्व जनपद अध्यक्ष जितेन्द्र वघेल, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भैरोसिंह कुर्मी, भैयालाल शर्मा, राजेश दांगी, सरपंच उत्तमसिंह, गजराज सिंह, बुन्देल सिंह के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### मोदी की गारंटी और यात्रा का उद्देश्य प्रत्येक पात्रताधारी को लाभ दिलाना- सांसद चौधरी

# सोजत विधानसभा की ग्राम पंचायत झूंठा और पिपलियां कलां में शामिल हुए पाली सांसद, सांसद निधि कोष से निर्मित विकास कार्यों का भी किया शिलान्यास

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**



पाली। पाली सांसद और पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री पीपी चौधरी रविवार को सोजत की ग्राम पंचायत झूंठा और पिपलियां कलां में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने लाभार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य प्रत्येक पात्रताधारी को लाभ दिलाना है। वहीं योजना का लाभ मिलने के बाद होने वाली खुशी को अन्य लोगों से भी साझा करना चाहिए। पहले के समय में व्यक्ति के पास कच्चा मकान होने से खाने-सोने एवं फसल को अन्यत्र रखना जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ता। धुएं एवं बारिश में लकड़ियों के गीली होने से महिलाओं एवं परिवार को कई दुःख उठाने पड़ते थे। किन्तु अब पक्के मकान बन जाने और उज्वला से लोगों की यह तड़लीफ दूर हुई है। युगदृष्टा प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास के सूत्र वाक्य को साकार करने के लिए हमारी केन्द्र सरकार की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं से प्रत्येक पात्रताधारी को लाभान्वित करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। इसमें लाभों से वंचित रह गए व्यक्तियों को लाभान्वित करने का कार्य भी किया जा रहा है। सांसद चौधरी ने झूंठा में अपने सांसद निधि कोष से 10 लाख से निर्मित राउमावि झूंठा में टीन शेड व लोहे कार्य का शिलान्यस भी किया।

**बदलाव का कारण दृष्टिकोण-** सांसद चौधरी ने ग्रामीणों से कहा कि मैं विदेशी मामलात संबंधी कमेटी का अध्यक्ष भी हूं। इस नाते मुझे विदेशों में जाने के अलावा अन्य देशों के प्रतिनिधि मण्डल से मिलने का मौका मिलता रहता है। मुझसे हमेशा विदेशी नागरिक पूछते है कि क्या यह कुछ सालों पहले वाला ही भारत है। पिछले एक दशक में भारत में जो बदलाव हुए, उससे अन्य राष्ट्रों के लोग आश्चर्य चकित है। यह बदलाव मोदी की दूरदर्शिता और राष्ट्र प्रथम ध्येय का ही परिणाम है। उनके नेतृत्व में भारत और यहां के लोगों के जीवनशैली को बदलने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए। अगर यह कार्य जारी रहता है तो हम विकसित भारत का निर्माण कर सकते हैं। बिजली, पानी, स्वास्थ्य, आवास, शिक्षा और अन्य समस्याओं से प्रत्येक भारतवासी को गुजरना पड़ता रहा है। लेकिन धीरे-धीरे ये समस्याएं खत्म हो रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा भी हर आम व्यक्ति के जीवन में इन समस्याओं का दूर करने की बड़ी ही क्रांतिकारी पहल है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर एक व्यक्ति को योजनाओं का लाभा दिलाना सुनिश्चित करें। इसके पहले उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं से संबंधित लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। सांसद चौधरी ने सभी को विकसित भारत संकल्प की शपथ भी दिलाई। दोनों कार्यक्रमों में सांसद चौधरी के अलावा प्रधान रायपुर कमला चौहान, जिला महामंत्री मोहन जाट, मण्डल अध्यक्ष रायपुर बंशीलाल भाटी, पूर्व उप जिला प्रमुख गणपत बोहरा, सरपंच झूंठा पेमाराम सीरवी, सरंपच पिपलिया कलां अनिकेत शाह, कमलेश बोहरा सहित अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जनसेवा मित्रों ने सदर विधायक को सेवा विस्तार कर स्थाई रोजगार दिलाये जाने हेतु मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । जिला के सभी मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों ने सदर विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह के निवास पर एकत्रित होकर ज्ञापन सौंपा । जनसेवा मित्रों ने अपने कार्य के बारे में बताते हुए कहा कि लाड़ली बहना योजना में पंजीयन, मतदाता जागरुकता अभियान, वितिय साक्षरता अभियान, महिला चौपाल नुक्कड़ नाटक, सहित हमारे कई कार्यों को जन सेवा मित्रों ने बखूबी किया है लाड़ली बहना के पंजीयन करने में जनसेवा मित्रो की अहम भूमिका रही, व्यक्ति के अशिक्षा के अभाव के कारण जनसेवा मित्र पात्र व्यक्तियो को लाभ दिलाने के साथ अस्पताल, सरकारी दफ्तरों में जाकर उसे लाभ दिलाने का काम भी करते है। हमारे इन सभी कायों से प्रभावित हो तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी ने घोषणा की थी कि आप इसी तरह प्रदेश के विकास के लिए काम कर जनता का जीवन बनाने का काम किजिए, आपका भविष्य बनाने का काम हम करेगे, तत्कालीन मुख्यमंत्री जी ने विवेकानंद केंद्र की स्थापना कर व उसका संचालन जनसेवा मित्रो के माध्यम से कर रोजगार देने की भी बात की थी। वहीं जनसेवा मित्रों ने ज्ञापन में



बताया कि इंटरशिप 31 जनवरी को खत्म होने वाली है। लेकिन सेवा विस्तार व स्थाई रोजगार जैसी कोई लिखित सूचना हमे अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। वही विभिन्न माध्यमों से मौखिक सूचना प्राप्त हो रही है कि इंटरशिप को बंद किया जा रहा है। इंटरशिप बंद होने से प्रदेश के 9 हजार से अधिक युवा बेरोजगार हो जायेंगे। युवा के समक्ष रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो जाएगा। जनसेवा मित्रो ने आग्रह किया है कि उनकी बात मुख्यमंत्री जी के समक्ष रख प्रदेश के 9 हजार जनसेवा मित्रों का सेवा विस्तार कर स्थाई रोजगार व हमारे वेतन में इजाफा किया जायें। जिससे जनसेवा मित्र प्रदेश के विकास में इसी तरह जनसेवा कर प्रदेश को आगे बढ़ाते रहे।9 हजार से अधिक जनसेवा मित्र पूरे मध्यप्रदेश में सरकार व जनता के बीच सेतु का काम कर प्रदेश व केन्द्र सरकार की योजनाओं का प्रचार कर योजनाओं को धरातल उतारने का कार्य निरंतर कर रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा में भी जनसंख्या मित्र अपनी सेवा दे रहे हैं ।सदर विधायक ने आश्वासन दिया हम आपकी मांगों को मुख्यमंत्री जी तक अवश्य पहुंचाएंगे आपकी सभी मांगों को पूरा करने का पूरा प्रयास करेंगे और विधायक लेटर पैड के माध्यम से मुख्यमंत्री जी से जन सेवा मित्रों की मांगे की जाए ऐसा आग्रह पत्र भी लिखा।

# गोविन्दगढ़ पुलिस की कार्यवाही गंभीर वारदात की फिराक में धारदार हथियार लेकर घूम रहे एक आरोपी को पुलिस नें अवैध चाकू एवं एवं मोटरसाइकिल सहित किया गिरफ्तार




**रीवा (पुष्पांजली टुडे)।** पुलिस अधीक्षक श्री विवेक सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर,डीएसपी मुख्यालय हिमाली पाठक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल द्वारा स्टाफ सहित मु?बिर की सूचना पर मड़वा मोड के पास अवैध चाकू लिए घूम रहा आरोपी बीरेंद्र त्रिपाठी पिता रामरहीस त्रिपाठी उम्र 32 वर्ष निवासी चौरी बुढ़वा थाना देवलौन जिला शहडोल के पास एक लोहे का धारदार चाकू लिए घूमते पाए जाने पर से थाना गोविन्दगढ़ रीवा में अपराध क्रमांक 04/2024 धारा 25-क्ब आर्म्स एक्ट कायम कर अभिरक्षा में लिया गया (गिरफ्तार )किया गया है आरोपी के कब्जे से चाकू सहित एक टीवीएस कंपनी की मोटर साइकिल कीमती लगभग एक लाख रूपए जप्त की गई सराहनी भूमिका थाना प्रभारी गोविन्दगढ़ शिवा अग्रवाल, इुह्यद्ब इंद्रभान सिंह ,प्रधान आरक्षक महेंद्र द्विवेदी आरक्षक उपेन्द्र सिंह, **कौशलेंद्र सिंह ,राहुल पाण्डेय**

# नवजात शिशु की जिंदगी बचाने आगे आये रक्तवीर,विभा सिंह एवं अमर सिंह ने किया रक्तदान

**रीवा (पुष्पांजली टुडे)।** यूँ तो सारे दान मानवता और इंसानियत के हितार्थ माने जाते है चाहे अन्नदान हो या धनदान! किंतु इन सबसे श्रेष्ठ रक्तदान को माना गया, जिससे किसी का जीवन सुरक्षित होता है! ऐसा ही एक वाक्या संजय गाँधी अस्पताल में देखने को मिला! कोठी गांव के निवासी शिवशंकर पटेल की सुपुत्री 31 दिसंबर को जन्म ली और तबियत बिगड़ने के कारण उसे 3 जनवरी को संजय गाँधी अस्पताल में भर्ती किया गया जहाँ चिकित्सकों ने बच्ची को पीलिया बताया और कहा कि ओ निगेटिव ब्लड एक्सचेंज करना पड़ेगा! उक्त जानकारी ड़ब युवा समाजसेवी सिद्धार्थ श्रीवास्तव को हुई तो उनने



सोशल मीडिया के माध्यम से अपील की और प्रयास रक्तदान सेवा संगठन के अध्यक्ष अवनीश तिवारी ने अमर सिंह सेंगर से संपर्क किया और वो सहर्ष रक्तदान करने के लिए तैयार हो गए! इनके अलावा मानवता और परोपकार की सेवा में मातृशक्ति भी पीछे नही रही! लोकगायिका मणिमाला सिंह की पुत्रवधु विभा सिंह भी रक्तदान के लिए आगे आई और बच्ची को रक्त दिया! रक्तदान के पश्चात दोनों रक्तदाताओं ने कहा कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और हमारा धर्म है कि हमारा जीवन मानव कल्याण के काम आये! रक्त देने से हम किसी का जीवन बचाते है! हम सबको रक्तदान करना चाहिए!

# जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची विभिन्न ग्राम पंचायतों में योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही हितग्राहियों को किया जा रहा है लाभांवितआयोजित हो रहे हैं स्वास्थ्य शिविर



**रीवा (पुष्पांजली टुडे)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंची। यात्रा के माध्यम से लोगों को विभिन्न केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। यात्रा का उद्देश्य जन सामान्य में योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं जागरूकता पैदा करना है। वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों एवं अनुभव साझा करने के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी एकत्रित की जा रही है। यात्रा के दौरान प्राप्त आवेदनों के आधार पर संभावित लाभार्थियों का नामांकन व चयन भी किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित की जा रही है। प्रचार प्रसार हेतु वीडियो वैन में आडियो, वीडियो, ब्रोसर आदि सामग्री उपलब्ध है। यात्रा के दौरान विभागीय स्टालों में योजनाओं की जानकारी देने व हितलाभ के लिए आवेदन प्राप्त करने का कार्य किया जा रहा है। शिविरों में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच तथा दवा वितरण की भी व्यवस्था करायी गयी है। जनपद पंचायत रीवा के सिलपरा, जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के नर्रहा, जनपद पंचायत हनुमना के पि?रिया एवं खटखरी तथा जनपद पंचायत जवा के जोन्हा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। सिलपरा में आयोजित शिविर में आयुष चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 53 मरीजों को औषधि प्रदान की गयी। यात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अभियान मे आयुष्मान भारत, पीएम गरीब



कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पीएम पोषण योजना, हर घर जल जल जीवन मिशन, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग,स्वाइल हैल्थ कार्ड उन्नत कृषि यंत्र वितरण आदि को शामिल किया गया है।इसी तरह शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत , पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उज्वला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधौसंरचना आदि का यात्रा के दौरान लाभ हितग्राहियों को दिलाया जा रहा है।

# गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक आज

**रीवा (पुष्पांजली टुडे)।**

गणतंत्र दिवस पूरे जिले में धूमधाम से मनाया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह एसएएफ मैदान रीवा में आयोजित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी बैठक 8 जनवरी को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जा रही है। यह बैठक टीएल बैठक के बाद आरंभ होगी। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल गणतंत्र दिवस समारोह के तैयारियों की विभागवार समीक्षा करेंगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# राज्य स्तरीय ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट संपन्न

**अनिल कुशवाह पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- राज्य स्तरीय ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट श्रीमंत माधवराव सिंधिया जिला खेल परिसर शिवपुरी में 06 एवं 07 जनवरी को कलेक्टर रविन्द्र चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस टूर्नामेंट में प्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, मुरैना, भिण्ड, दतिया, गुना, श्योपुर, अशोक नगर, शिवपुरी आदि जिलों के लगभग 167 बालका-बालिका खिलाड़ियों ने सहभागिता हेतु पंजीयन कराया, जिसमें से 67 बालक-बालिका खिलाड़ियों ने सहभागिता की। राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी की उपस्थिति में किया गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, यातायात प्रभारी रणवीर यादव उपस्थित रहे। राज्य स्तरीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता में विजेता एवं उप विजेता खिलाड़ियों को पुरुस्कार स्वरूप नगद राशि का वितरण किया गया है जिसमें बालक वर्ग में एकल विधा में विजेता खिलाड़ी अंडर 10-15 वर्ग में नीलेश गर्जर ग्वालियर प्रथम को राशि 3 हजार रुपए एवं द्वितीय स्थान पर लक्ष्य पाण्डे ग्वालियर को राशि 2 हजार रुपए डब्ल्स बालक वर्ग में- नीलेश गुर्जर एवं सम्यक्र प्रथम 3 हजार रुपए एवं द्वितीय स्थान पर शिवपुरी के आर्यन राज एवं अर्णव रहे जिन्हें राशि 2 हजार रुपए वही अंडर 16-21 बालक वर्ग एकल विधा में भोलाराम भोपाल प्रथम 3 हजार रुपए एवं द्रवीण द्वितीय स्थान 2 हजार रुपए वहीं अंडर 16-21 बालिका वर्ग एकल विधा में पूर्णिमा प्रथम 3 हजार रुपए एवं द्वितीय स्थान पर दिव्या धाकड 2 हजार रुपए तथा प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त खिलाडियों को तेजा भेट किया गया। राज्य स्तरीय ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में सम्मिलित होने वाले समस्त बालक/बालिका खिलाड़ियों को स्पोर्टस टी शर्ट वितरित की गई।जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी डॉ.के.के.खरे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रकार के टूर्नामेंट आयोजित होने से खिलाडियों में खेल के प्रति रूचि बढ़ती है व अपनी खेल प्रतिभा निखारने का एक सुनहरा अवसर प्राप्त होता है। इसी प्रकार के छोटे-छोटे टूर्नामेंट में सम्मिलित होने से खिलाड़ी को अपनी खेल के स्किल में सुधार करने व आगामी टूर्नामेंट में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होता है। आगे आने वाले समय में खेल परिसर में इसी प्रकार की अन्य खेल प्रतियोगिता का आयोजन शीघ्र किया जायेगा। जिससे अन्य खेल के खिलाड़ियों को भी प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होकर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का अवसर मिल सके।

# मादक पदार्थोंका सेवन हानिकारक चेतावनी नियमों की धज्जियां



सबलगढ।।शासन और प्रशासन प्रतिदिन टेलीविजन समाचार पत्र और कई माध्यमों से मादक पदार्थों के सेवन को हानिकारक बताते हैं और उन मादक पदार्थों के पकिटो पर भी हानिकारक लिखा रहता है फिर भी इनकी बिक्री खुलेआम छोटे से लेकर बड़े दुकानदारों तक बिक्री की जा रही है यह सब शासन तथा प्रशासन की नाक के नीचे होता है यहां तक कि उनके कार्यालयो के कर्मचारी भी उनके सामने ही मादक पदार्थों का सेवन करते हैं जबकि शासकीय कार्यालयौ में परिसरों विद्यालयों सार्वजनिकस्थानो पर इनका सेवन करना और थूकना प्रतिबंध होने के साथ जुर्माना करने का प्रावधान भी है यहां तक की सजा भी हो सकती है लेकिन आज तक ना तो जुर्माना ही हुआ और ना सजा हुई छोटे-छोटे बच्चे लड़कियां और महिलाये भी इस मादक पदार्थों में लिप्तहोती जा रही है जो कैंसर को जन्म दे रही है इसका प्रमुख कारण यह भी है कि बड़े अधिकारी जनप्रतिनिधि इसमें स्वयं लिप्त हैं और फैक्ट्रीयो से इनको टैक्स के साथ-साथ कमीशन भी प्राप्त होता है इसका हाल ही में उदाहरण देखने को मिला है एक तंबाकू से भरा ट्रक शहर में विक्रय करने हेतु आया सूचना मिलने पर एसडीएमनैउसे थाने में रखवा दिया गया जबकि उसविल्टी पर क्रेता विक्रेता के साथ जीएसटी का नंबर चढ़ा हुआ था बाद में उसे थाने सेसाठगाठ कर छोड़ दिया गया जब की एसडीएम ने थाने फोन लगाकर पकड़वाया था ऐसे एक नहीं कई उदाहरण है इससे साबित होता है कि शासन प्रशासन का भी सहयोग इनको मिलता है क्या ऐसे उत्पादों को जीएसटी टैक्स लगाकर नंबर 1 में शामिल करना चाहिए इससे इन्हें खुले आप बेचा जा सके अर्थात नहीं पूर्व में कई अधिकारी आए उन्होंने तंबाकू पुड़िया बीड़ी सिगरेट के गोदाम पर छापा मार करवाई कर उनकी माल से भरी हुई गाड़ियों के माल को उतरवाकर और जप्त कर थाने में रखकर आग के हवाले भी कर दिया था यदि यह मांनक पदार्थ प्रतिबधित नहीं होता तो क्या ऐसा होता इसका उत्तर ना है इस पर प्रतिबंध लगाने के लिए उन फैक्ट्रीयो पर कार्यवाही करनी होगी जो इनका निर्माण करती हैं और थोक तथा रिटेल विक्रेताओं के साथ-साथ खाने वाले लोगों पर भी कार्यवाही और जुर्माना करना होगा तभी पूरा शहर और देश मानक पदार्थ से मुक्त हो सकता है अन्यथा नस्ल की नस्ल समाप्त हो जाएगी और बीमारियां नहीं पीढ़ी को घेर कर मौत के मुंह में पहुंचा देगी इसमें शासन प्रशासन जनप्रतिनिधियों को अपना निजी हित ना देखकर स्वयं के साथ-साथ आम जनता के हितों के बारे में भी सोचना चाहिए केवल उत्सवो चेतावनियों नुक्कड़ नाटकों तथा मीडिया के द्वारा मादक पदार्थों से मुक्त नहीं हुआ जा सकता हानिकारक मादक पदार्थ खुले आम बाजारों में वेचेजारहे है और नियमों की धज्जियां शासन तथा प्रशासन के सामने उड़ाईजा रही है और स्थानीय प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है

# भाजयुमो प्रदेश महामंत्री राम दांगोरे धार जिले के प्रवास पर

**धार ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक श्री राम दांगोरे 8 जनवरी सोमवार को धार जिले के संगठनात्मक प्रवास पर रहेंगे । भाजयुमो जिला महामंत्री अंकित भावसार ने बताया कि संगठनात्मक प्रवास के दौरान श्री दांगोरे युवा मोर्चा के आगामी कार्यक्रमों मंडल सशक्तिकरण अभियान, नव मतदाता सम्मेलन और नमो एप से अधिकतम युवाओं को जोड़ने इत्यादि के संबंध में स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय धार पर दोपहर 2 बजे धार नगर सेनापति व कुशाभाऊ ठाकरे मंडल, धार ग्रामीण व तिरला मंडल के युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे । बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज सोमानी, विधायक श्रीमती नीना वर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष जय सूर्या, नगर मंडल अध्यक्ष विपिन राठौर व नितेश अग्रवाल सहित मोर्चे के जिला व मंडल पदाधिकारी कार्यकर्ता अपेक्षित रहेंगे । उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

# पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को तो खूब मूर्ख बनाया आदिवासी बहुल धार जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने, क्या वर्तमान मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव को भी मूर्ख बनाएंगे?




- धार जिले के ब्लाक निसरपुर जनपद की ग्राम पंचायत लोहारी को भ्रष्टों ने भ्रष्टाचार का कब्रिस्तान बना दिया और इस ग्राम पंचायत को भ्रष्टाचार का कब्रिस्तान बनानेवाले भ्रष्टों को मक्कार प्रशासनिक अधिकारियों ने सहयोग एवं संरक्षण प्रदान किया है। ग्राम पंचायत लोहारी में हुए भ्रष्टाचार को लेकर ग्राम के ही सम्मानित नागरिक ने जनपद सहित जिला स्तर तक के अधिकारियों को मय सबूत शिकायत की, लेकिन किसी भी अधिकारी ने ना तो लोहारी में हुए बेशर्म भ्रष्टाचार को गंभीरता से लिया और ना ही शिकायतकर्ता की शिकायतों को। शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री हेल्प लाइन सहित प्रधानमंत्री कार्यालय को भी शिकायत की, किन्तु आदिवासी बहुल धार जिले के प्रशासनिक अधिकारी मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री ,सबको घोलकर पी गए। मुख्यमंत्री हेल्प लाइन पर भी भ्रष्ट संरक्षक बेइमान अधिकारियों ने झूठे अभिमत देकर शिकायत विलोपित कर देने की बात करके मुख्यमंत्री तक को मूर्ख बनाने का दुस्साहस किया है। सवाल यह खड़ा होता है कि धार जिला प्रशासन के अधिकारियों ने लोहारी में हुए भ्रष्टाचार को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को तो खूब मूर्ख बनाया है, क्या ये मक्कार अधिकारी वर्तमान मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव को भी ऐसे ही मूर्ख बनाएंगे? लगता तो यही है कि धार जिला प्रशासन के भ्रष्ट अधिकारी शायद डाक्टर मोहन यादव को भी अधिकारियों पर अवलंबित मुख्यमंत्री समझ रहे हैं,तब ही तो वे अभी भी ग्राम पंचायत लोहारी में हुए भ्रष्टाचार को लेकर लीपापोती की मंशा का भाव प्रदर्शित करते हुए भ्रष्टों को बचाने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं। इस ग्राम पंचायत के विकास को चरने वाले भ्रष्टों को बचाने के लिए पूर्व जनपद सीईओ माधवाचार्य ने मुख्यमंत्री हेल्प लाइन पर झूठे अभिमत देकर मुख्यमंत्री को मूर्ख बनाने का प्रयास किया है, लेकिन किसी भी वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानने की कोशिश नहीं की कि शिकायतकर्ता सारे प्रमाणित सबूतों के साथ शिकायत कर रहा है तो फिर जनपद सीईओ किस स्वार्थ के वशीभूत मुख्यमंत्री हेल्प लाइन पर झूठे अभिमत देकर शिकायतों को विलोपित करने की बात कर रहा है? यह बात सर्वविदित है कि भ्रष्ट संरक्षक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री हेल्प लाइन पर नागरिक शिकायतों के मामले में झूठे अभिमत देकर, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को खूब मूर्ख बनाया है और उनका रवैया वर्तमान मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव के साथ भी यही नजर आ रहा है। उल्लेखनीय है शिकायतकर्ता ने मयप्रमाण शिकायत की कि सन् 2018-19 में सांसद निधि के अंतर्गत गांव की स्ट्रीट लाइट के स्वीकृत लगभग 15 लाख रुपए सरपंच, सचिव और ठेकेदार बिना काम किए निकालकर खा गए तथा पंचायत द्वारा किराए भाड़े पर दिए गए भवनों में भी सरपंच सचिव ने भारी भ्रष्टाचार किया है, शिकायतकर्ता अपनी शिकायतों के संदर्भ में प्रामाणिक सबूत उपलब्ध कराते हुए, अपनी शिकायतों



को पुष्ट भी कर रहा है, लेकिन मोटी चमड़ी के बेशर्म अधिकारी सबूतों को नजरंदाज कर शिकायतकर्ता को ही गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। शिकायतकर्ता भी अपने ही तरह का बंदा है,वह पीछा छोड़ने को तैयार नहीं,वह अपनी शिकायत को और ऊपर, और ऊपर पहुंचा रहा है तथा बार-बार अपनी शिकायतों को दोहराता है, ऊपर से जांच के लिए कागज आते हैं,जनपद पंचायत कार्यालय के अधिकारी लीपापोती के उद्देश्य से गांव में आते हैं, लेकिन वे शिकायतकर्ता के सत्य परक सवालों के जवाब नहीं दे पाते, शिकायकर्ता को संतुष्ट नहीं कर पाते और अपनी जांच में शिकायतकर्ता के कथन भी शामिल नहीं कर पाते। यहां बताता चलूं कि ग्राम पंचायत लोहारी की स्ट्रीट लाइट के नाम पर स्वीकृत राशि निकालने के लिए ठेकेदार,सरपंच,सचिव ने भलते ही गांव में हुए काम के फोटो लगा दिए, और तो और एमपीईबी का कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र बनाने के लिए कूट रचित दस्तावेज भी तैयार कर लिए, दस्तावेज पर जिस अधिकारी के हस्ताक्षर हैं,वह मृत्यु को प्राप्त हो चुका है। इधर सूचना के अधिकार के तहत एमपीईबी कार्यालय शिकायतकर्ता को सन् 2022 में जानकारी देता है कि कार्य अपूर्ण हैं और इस कार्यालय से कोई भी प्रमाण पत्र जारी नहीं किया है,उधर सरपंच सचिव और ठेकेदार सन् 2020 में ही एमपीईबी का कूट रचित प्रमाण पत्र उपलब्ध कराकर पैसे आहरण कर लेते हैं, पंचायत के भवनों के किराए भाड़े के मामले में ग्राम पंचायत के पास रिकार्ड ही उपलब्ध नहीं हैं और इन तमाम भ्रष्टाचार का संरक्षक प्रधान आचार्य रहा है, पूर्व जनपद सीईओ माधवाचार्य। महाभ्रष्ट, भ्रष्ट संरक्षक,भ्रष्टाधिराज सीईओ माधवाचार्य का स्थानांतर हो गया है और उनके स्थान पर कंचन वास्कले जनपद सीईओ बनकर आई है, लेकिन भ्रष्टाधिराज माधवाचार्य भ्रष्टाचार का इतना रायता ढोल गए हैं कि उसे समेटते समेटते कहीं नवागत सीईओ का केरियर नहीं कराह उठे? शिकायतकर्ता ने अपने गांव में हुए भ्रष्टाचार की शिकायतें ऊपर तक कर रखी है,ऐसी ही एक जांच ऊपर से आई,जिसकी जांच करने 20/12/23 को सीईओ कंचन वास्कले अपने दल-बल के साथ ग्राम लोहारी में पहुंची, आने से पहले शिकायतकर्ता को उपस्थित रहने का सूचना पत्र दिया गया। जांच स्थल पर सीईओ वास्कले शिकायतकर्ता के एक भी सवाल का संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाई और बेरंग वहां से लोट गई। शिकायतकर्ता तो संतुष्ट नहीं हुआ है,पता नहीं अब ये अधिकारी ऊपर क्या जवाब देती हैं? यह तो एक पंचायत का मामला है,ऐसी कितनी पंचायतें हैं, जहां भ्रष्टाचार का नंगा नाच हुआ है? मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव ने धार जिले के भ्रष्ट संरक्षक अधिकारियों पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि ये भ्रष्टाचार के मामले में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री किसीको कुछ नहीं समझते।

# सत्संग की आधी घड़ी तप के वर्ष हजार तो भी बराबर है नही कहे कबीर विचार



दिनांक 7.1.2024 को शिवपुरी जिला के तहसील बैराड़ के ग्राम सेमरखेड़ी में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज जी का सत्संग हुआ जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए सत्संग में संत रामपाल जी महाराज जी ने सभी शास्त्रों को गीता वेद चार वेद 6 शास्त्र 18 पुराण को खोल कर बताया और कहा के शास्त्र अनुसार सत भक्ति करने से ही मनुष्य का मोक्ष हो सकता है और बताया के मनुष्य जीवन में अगर सत्य भक्ति नहीं की तो अगले जन्म में 84 लाख योनियों में कष्ट पर कष्ट उठाना पड़ेगा वर्तमान समय में शास्त्र अनुसार भक्ति संत रामपाल जी महाराज बता रहे हैं अधिक जानकारी के लिए देखें गीता अध्याय 18 के सिलोक 62 में संत रामपाल जी महाराज जी के अनुयाई तहसील सेवादार रघुबीर दास सोनू दास ने बताया कि संत रामपाल जी महाराज जी का सत्संग पूरे विश्व में हो रहा हैसंत रामपाल जी महाराज जी से लोग उपदेश लेकर अपना जीवन सफल बना रहे हैं संत रामपाल जी महाराज जी का एक ही सपना दहेज मुक्त हो भारत अपनासंत रामपाल जी महाराज जी का एक ही सपना नशा मुक्त हो भारत अपनासंत रामपाल जी महाराज जी बताते हैं जीव हमारी जाती है मानव धर्म हमारा हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई धर्म नहीं कोई न्यारासुखी होएगा हर इंसान धरती बनेगी स्वर्ग समान संत रामपाल जी महाराज जी से निशुल्क नाम दीक्षा लेने के लिए 8193819381 पर कोल करे

# सबका साथ-सबका विकास के विजन को पूरा कर रही विकसित भारत संकल्प यात्रा-प्रतिमा बागरी

## पवैया में आयोजित संकल्प यात्रा के शिविर में शामिल हुईं राज्यमंत्री





**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना /भारत सरकार और राज्य शासन के निर्देशानुसार सतना जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा निरंतर जारी है। रविवार को सोहावल विकासखंड के ग्राम पवैया में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि सरकार ने सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर सबका साथ-सबका विकास के विजन को लेकर लोक कल्याण के कार्य कर रही है। जिसमें विकसित भारत संकल्प यात्रा महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो रही है। यात्रा के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ देने का काम किया जा रहा है। इसके साथ ही जो लोग शासन की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गये हैं, उनकों भी सरकार की योजनाओ से जोड़ने और उसका लाभ दिलाने संकल्प यात्रा में शिविर आयोजित कर आवेदन लेने का काम किया जा रहा है। राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश बदल रहा है। एक समय था जब सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए लाभार्थी को चक्कर लगाने पड़ते थे। आज स्थिति बदल गई है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में अब सरकार खुद चल कर हितग्राहियों के घर पहुँच रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति और परिवार को मिले, यह सुनिश्चित कर रही है। यात्रा के प्रति आमजन का उत्साह अभूतपूर्व है। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किये। साथ ही विकसित भारत के निर्माण का संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर महापौर योगेश ताम्रकार, दीपक सिंह, शिव कुमार सिंह, योग्रेंद सिंह, हीरामणि सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे।

# सीरवी समाज महालक्ष्मी लेआउट ट्रस्ट की नवीन कार्यकारिणी का गठन



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलूरू. सीरवी समाज महालक्ष्मी वडेर की नवीन कार्यकारिणी सदस्यों का गठन किया गया। सभा का शुभारंभ भवन में आईमाता तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। इस कार्यक्रम में सीरवी समाज महालक्ष्मी लेवट वडेर के सभी नवगठित पदाधिकारी गण एवं कमेंटी मेंबर एवं पूर्व कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष प्रतापराम गहलोत, सचिव जगदीश राठौड़, कोषाध्ड़यक्ष पुकाराम गहलोत खेल मंत्री बाबूलाल पंवार, उपाअध्यक्ष ढगलाराम सोलंकी, शेषाराम गहलोत सहकोषाध्ड़यक्ष रतनलाल परिहार, सह सचिव रामलाल चोयल एवं कार्यकारिणी सदस्य थानाराम, मिश्रीलाल चोयल लक्ष्मणराम गहलोत, मानाराम परिहार, मालाराम गहलोत, प्रकाश राठौड़, रतनलाल आगलेचा तिलोकराम परिहार, स्वरूप राठौड़ एवं नवयुग मंडल के अध्यक्ष हरीश चोयल गैर मंडल के अध्यक्ष पूर्णराम गहलोत को चुना गया। संस्था के प्रतापराम गहलोत ने शुभकामनाएं दी। बलेपेट बडेर के पूर्व सचिव नारायणलाल लचेटा ने कहा कि में आशा करता हूँ जरूर आप समाज कल्याण एवं हितेषी कार्य करेंगे, शिक्षा संस्कार एवं संगठन के लिए आप जरूर कर्तव्य से अपनी जिम्मेदारी निभाएगे। जिनको भी पद मिला है आप उन पद की गरिमा बनाए रखेंगे एवं सबका साथ सबका विकास के मंत्र से आप समाज का विकास जरूर करेंगे।

# केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान भोपाल की तरफ से मध्य प्रदेश के दतिया जिले के इंदरगढ़ गांव में 5 जनवरी 2024 को 'प्रक्षेत्र दिवस' का हुआ आयोजन





**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक**
**पुष्पांजलि टुडे**

दतिया। केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान भोपाल की तरफ से मध्य प्रदेश के दतिया जिले के इंदरगढ़ गांव में 5 जनवरी 2024 को ÷प्रक्षेत्र दिवस÷ का आयोजन किया गया। प्रक्षेत्र दिवस का विषय था ÷कृषि यांत्रिकीकरण और अन्न प्रसंस्करण पर जानकारी एवं प्रदर्शन। कार्यक्रम में दतिया जिले के विभिन्न गांव के लगभग 150 किसान उपस्थित थे। संसद सदस्य, माननीय श्रीमती संध्या राय, कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित थी। साथ ही श्री केशव दुबोलिया, प्रभारी स्वावलम्बी भारत योजना, मध्य प्रदेश, छत्तीस गड़, श्री सुरेंद्र बड़ोलिया, जिल्हा अध्यक्ष्य दतिया, श्री महेंद्र यादव, अध्यक्ष्य, जिल्हा किसान मोर्चा जैसे गणमान्य जनों ने कार्यक्रम उपस्तिथि दर्ज कर कार्यक्रम की शोभा बड़ा दी। डॉ शुकदेव मंगराज, प्रभागाध्यक्ष, कृषि अभियांत्रिकी संस्थान भोपाल, ने अपने स्वागत भाषण में संस्थान के बारे में और केंद्र सरकार के गरीबी रेखा के नीचे के लोगों के लिए योजना के बारे में जानकारी दी। संसद सदस्य, माननीय श्रीमती संध्या राय, ने अपने उद्बोधन में किसानों को नई विकसित कृषि तकनीकों को अपनाने और आय बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया, उपस्थित सभी महानुभावों ने भी भाषण दिया और दतिया जिले के विभिन्न गांवों के उपस्थित किसानों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में गणमान्य व्यक्तियों और किसानों के सामने कुछ कृषि उपकरण जैसे मूंगफली फोड़ने का यन्त्र, खाना पकाने का स्टोव, सोया दूध उत्पादन प्रक्रिया, मक्का शेलर का प्रदर्शन किया गया। किसानों को ऐसी सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# मकर संक्रांति के मौके पर 11 से 15 जनवरी तक होंगी विविध गतिविधियां

## 12 जनवरी को मनाया जायेगा युवा दिवस

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतनामुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार राज्य शासन द्वारा पूरे प्रदेश में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर 11 से 15 जनवरी तक पूरे सप्ताह भर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप यह कार्यक्रम युवाओं के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण केंद्रित आयोजित होंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पंचायत स्तर पर और स्थानीय निकायों द्वारा शहरी क्षेत्र में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं परंपरागत खेलों की प्रतियोगितायें भी आयोजित की जायेंगी।स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस 12 जनवरी के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस के कार्यक्रम होंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी नासिक (महाराष्ट्र) में 12 से 16 जनवरी तक चलने वाले राष्ट्रीय युवा उत्सव का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश के 111 युवा कलाकार भी शामिल होंगे। राष्ट्रीय युवा उत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम का राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में कुशाभाऊ ठाकरे हॉल में होगा। जिसका प्रसारण पूरे प्रदेश में लाइव किया जाएगा। जिला, विकासखंड स्तर पर आदर्श महाविद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर प्रसारण देखा जायेगा। विद्यालयों में सूर्य नमस्कार, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर व्याख्यान, निबंध लेखन की प्रतियोगितायें भी आयोजित की जायेंगी। स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जायेगा। महिला सशक्तिकरण के तहत ''मां तुझे प्रणाम'' योजना अंतर्गत प्रदेश से 150 युवतियों को कन्याकुमारी स्थित विवेकानंद रॉक मेमोरियल के भ्रमण के लिए भेजा जायेगा। महिला सशक्तिकरण के तहत लाडली बहनों के खाते में 10 जनवरी को राशि अंतरित कर दी जाएगी। इस मकर संक्रांति पर महिलाओं पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियां की जायेंगी। तकनीकी शिक्षा एवं सूक्ष्म, लघु उद्यम विभाग द्वारा 11 से 12 जनवरी तक दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। जिसमें महिलाओं और युवाओं को 100 प्रकार के रोजगार से जोड़ने के प्रयास होंगे। मकर संक्रांति पुण्य काल उत्तरायण का समय है। इसे आधुनिक विज्ञान से जोड़ते हुए विज्ञान मेलों आयोजन होगा। युवाओं की विज्ञान में समझ बड़ाने प्लैनिटोरियम एवं आब्जर्वेटरी का स्टडी टूर कराया जायेगा। इस मौके पर 11 से 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत युवाओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बड़ाई जायेगी तथा महाविद्यालय, विद्यालयों में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने शिविर भी लगाए जायेंगे।

# लोकसभा चुनाव में पार्टी की बढ़त बनाने की कार्य योजना तय करने भाजपा की बैठक हुई

**प्रदेश अध्यक्ष देव ने सभी 11 सीटें जीतने के लक्ष्य को दुहराते हुए नेताओं से इसके लिए संकल्पित होकर जुटने का आह्वान किया**

**क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री साय और पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल ने भी नेताओं का मार्गदर्शन किया**



रायपुर। भारतीय जनता पार्टी की एक अहम बैठक आगामी लोकसभा चुनावों के परिप्रेक्ष्य में रविवार को हुई। छत्तीसगढ़ के जिन विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी को विजय प्राप्त नहीं हुई, उन स्थानों पर लोकसभा चुनाव में पार्टी की बड़त बनाने की कार्य योजना तय करने हेतु 'लोकसभा चुनाव कार्य योजना बैठक' कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल ,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव , महामंत्री संगठन पवन साय व पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल उपस्थित हुएैठक में अपने विचार रखते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने पार्टी नेताओं से पांच बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। श्री देव ने नेताओं से कहा कि वे स्वयं तो नमो एप से अधिक से अधिक जुड़ें, साथ ही अन्य लोगों को भी जोड़ें। भाजपा नेता नमो एप का ब्रांड एंबेसडर बनें। श्री देव ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा हो रही है। सैकड़ों वर्ष के सतत संघर्ष के बाद राष्ट्रीय स्वाभिमान व गौरव के इस क्षण के हम साक्षी बनने जा रहे हैं, यह हमारा सौभाग्य है और इसलिए यह महोत्सव हम सब दीपोत्सव के रूप में मनाएँ। श्री देव ने आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 11 सीटें जीतने के लक्ष्य को दुहराते हुए नेताओं से इसके लिए संकल्पित होकर जुटने का आह्वान किया। केंद्र सरकार की उपलब्धियों को लेकर एक बार फिर जनता के बीच जाकर 'मोदी की गारंटी' पर व्यापक चर्चा पर जोर देते हुए श्री देव ने कहा कि पार्टी के सभी पदाधिकारी, नेता और जनप्रतिनिधि विकसित भारत संकल्प यात्रा में सारे कार्यकर्ताओं को साथ लेकर उसे सफल बनाने में जुट जाएँ। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री श्री जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री श्री साय और पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने भी उपस्थित नेताओं का मार्गदर्शन किया।

# बीनागंज में हो रहे भजन संध्या में गाडरवा?ा दरवार का हुआ आगमन जोरशोर से साथ श्रद्धालुओं ने स्वागत



**योगेश शर्मा राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

बीनागंज में भजन संध्या का आयोजन किया गया था जिसमें चाचौड़ा बीनागंज से 40 किलोमीटर दूर गाडरवारा हनुमान जी सरकार का मंदिर है वहां पर गाडरवारा दरबार गुरुजी को बीनागंज के लोगों द्वारा आमंत्रित किया गया था भजन संध्या में गाडरवारा दरबार पहुंचे श्रद्धालुओं ने स्वागत में ढोल नगाड़े के साथ गाडरवारा दरबार को भजन संध्या स्थल तक लाया । गाडरवारा दरबार को स्व?ा पुष्प हार पहनाकर किया स्वागत ।गाडरवारा धाम हनुमान जी महाराज का मंदिर है यहां पर भी धीरेंद्र शास्त्री छतरपुर गड़ा वालों की जैसे दरबार लगाया जाता है गाडरवारा धाम हनुमान जी महाराज सरकार के मंदिर पर मंगलवार को दरबार लगाया जाता है कोई भी श्रद्धालु 11 हनुमान जी के मंदिर की परिक्रमा लगता है तो उसकी अर्जी लग जाती है फिर गाडरवारा दरबार किसी भी व्यक्ति को नाम के साथ उठा लेते हैं और उसके बिना बताए ही पर्चा बना देते हैं जो उसके मन में होता है वह दरबार बता देते है । गाडरवारा दरबार ने सभी भक्तो से कहा कि रोज सुबह 5~00 बजे उठाना है चाहिए और हनुमान जी महाराज के सुंदरकांड ओर हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए जिससे कि आपके जीवन में खुशहाली आए और सभी संकटों का नाश होता है ।

# भाजपा मुख्यालय में अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति बैठक संपन्न





**29 जनजाति आरक्षित सीटों में से 18 सीटें जीतकर हम सभी ने इतिहास रचा है- विष्णु देव साय**

**कांग्रेस मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने के लिए हमे संकल्प लेकर हमे जन जन तक पहुंचना है- किरण सिंह देव**

**प्रदेश में परिवर्तन आवश्यक हो गया था-श्री रामविचार नेताम**

**विकास मरकाम ने बूथ मजबूत तो जीत मजबूत का दिया मूलमंत्र**

**इस देश में कोई सच्ची आदिवासी हितैषी है तो वह केवल भारतीय जनता पार्टी है- महेश गागड़ा**

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ**
**पुष्पांजलि टूडे अश्वनी अवस्थी**

रायपुर 7 कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई। इस बैठक में प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव जी, केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं वरिष्ठ आदिवासी नेता श्री रामविचार नेताम जी, पूर्व केबिनेट मंत्री श्री ननकी राम कंवर जी, पूर्व मंत्री एवं अजजा मोर्चा के प्रभारी श्री महेश गागड़ा जी एवं प्रदेश अजजा मोर्चा के अध्यक्ष श्री विकास मरकाम जी शामिल रहे। इस बैठक में भाजपा के सभी आदिवासी विधायकों को सम्मानित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री माननीय श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहली बार अजजा वर्ग से से मुख्यमंत्री बनाने के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री जी एवं भाजपा शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद दिया।उन्होंने आदिवासी वर्ग से जीतकर आने वाले सभी विधायको को बधाई दिया। उन्होंने कहा 29 जनजाति आरक्षित सीटों में से 18 सीटें जीतकर हम सभी ने इतिहास रचा है। पहली बार सर्वाधिक 54 विधानसभा सीटें जीतने पर बहुत बहुत बधाई दिया भाजपा का वोट प्रतिशत भी इस बार सर्वाधिक है।उन्होंने कहा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास ÷मूलमंत्र÷ के साथ आदरणीय प्रधानमंत्री जी का है। आगामी लोकसभी चुनाव में हमे 11 में से 11 सीटें जीतने के लि कार्य हमे करना है। सरकार बनते ही हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी पर अमल करना प्रारंभ कर दिया है। 14 दिसंबर को पहली केबिनेट बैठक में 18 लाख पीएम आवास की स्वीकृति, 25 दिसंबर सुशासन दिवस के अवसर पर किसानों को 2 वर्षो का बोनस दिया गया। जिन लोगो को बोनस नही मिला उन्हे भी शीघ्र बोनस मिले इसके लिए आदेशित किया गया है। कांग्रेस सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया था क्क्स्ष्ट भर्ती घोटाले में को नया कीर्तिमान स्थापित किया था उसके खिलाफ भी जांच का फैसला हमारी सरकार ने किया है, जल्द ही सीबीआई से जांच की रिपोर्ट आपके सामने होगी।महतारी वंदन योजना के द्वारा प्रदेश की माताओं बहनों को सशक्त करने एवं उनके खाते में 1000 रुपए देने का फैसला भी हमारी कर चुकी है। इस प्रकार प्रदेश सरकार मोदी की गारंटी एवं गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं के कल्याण की दिशा में तेजी से काम कर रही है।माननीय मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश के लिए आदिवासी मुख्यमंत्री बनाए जाने से गौरव भी बड़ा है, दायित्व भी बड़ा है चुनौती भी बढ़ा है। प्रदेश में 4 आदिवासी बहुल लोकसभा सीट है। 7 अन्य सीटें भी है जिन्हे जीतने के लिए हमे कड़ी मेहनत करना है। श्री साय ने कहा अनुसूचित जनजाति मोर्चा का दायित्व भी बढ़ा है कांग्रेस आदिवासियों को तोड़ने और बरगलाने के लिए तरह-तरह का काम करते रही है जिसके विरुद्ध हमे जनता को जागरूक और सचेत करते रहने की जरूरत है।बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री किरण सिंह देव ने बस्तर और सरगुजा क्षेत्र में मिली भाजपा को मिली बंपर जीत के लिए अजजा मोर्चा के सभी सदस्यों को बधाई एवं धन्यवाद दिया। उन्होंने आदिवासी समाज से विजयी होकर आए सभी विधायकों को भी शुभकामनाएं दी। उन्होंने अजजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री विकास विकास मरकाम को पार्टी के सभी कार्यक्रमों को सफल तरीके से संपन्न कराने के लिए बधाई दी।

श्री किरण सिंह देव ने कहा हमने जनता से जो वादा किया उसे पूर्ण करने का समय आ गया है। जिस उम्मीद से हमे आशीर्वाद प्रदान किया है उस पर खरा उतरने का वक्त आ गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कांग्रेस का राज अत्याचार, अनाचार, दुराचार का पर्याय बन गया था जिसका सबक जनता ने सिखाया है। भाजपा को जनता के दिलो में उतरने के लिए काम करना है।उन्होंने सोशल मीडिया में अधिक से अधिक जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करने कहा। उन्होंने अजजा मोर्चा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों को जोड

# यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए एसपी ग्वालियर ने पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर दिये दिशा निर्देश





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर** । ग्वालियर शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिये आज पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल,भापुसे एवं अति. पुलिस अधीक्षक शहर(पूर्व/अपराध/यातायात) श्री ऋषिकेश मीना,भापुसे द्वारा ग्वालियर शहर के पुलिस अधिकारियों की बैठक ली गई। जिसमें अति. पुलिस अधीक्षक (उत्तर) श्री अमृत मीणा, अति. पुलिस अधीक्षक(मध्य) श्री अखिलेश रैनवाल, अति. पुलिस अधीक्षक (पश्चिम) श्री गजेन्द्र सिंह वर्धमान, सीएसपी लश्कर षियाड़ के.एम.,भापुसे एवं डीएसपी यातायात श्री अजीत सिंह चौहान, सीएसपीगण सहित शहर के थाना प्रभारीगगण एवं यातायात के पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के यातायात को सुचारू एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिये सभी की सहभागिता आवश्यक है। इस अवसर पर उन्होने कहा कि शहर में पेड पार्किंग के लिये स्थान चिन्हित किये जाए तथा तिराहा व चौराहों पर लेफ्ट टर्न को फ्री रखा जाए जिससे यातायात का सुचारू संचालन होता रहे। रॉग साइड वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर चालानी कार्यवाही की जावे तथा सीसीटीव्ही के माध्यम से भी ऐसे वाहनों को चिन्हित कर कार्यवाही की जावे, जो रॉग साइड वाहन चलाते हैं। उन्होने कहा कि नगर निगम के सहयोग से रोड मार्किंग कराई जावे। ड्यूटी पर तैनात यातायात के पुलिस अधिकारी चेकिंग के दौरान वीडियो रिकॉर्डिंग आवश्यक रूप से करें जिससे विवाद की स्थिति में वह अपना पक्ष रख सके। ऑटो चालकों को भी निर्धारित वर्दी व बैज धारण करने की हिदायत दी जाए। नो-इन्ट्री के समय किसी भी प्रकार के भारी वाहन का शहर में प्रवेश नही होना चाहिए। विशेष अभियान चलाकर टेक्टर की ट्राली के पीछे रिफ्लेक्टर आवश्यक रूप से लगवाएं, जिससे कोहरे के दौरान दुर्घटना से बचा जा सके। शहर में रोड पर पार्क होने वाले चार पहिया वाहनों को मल्टीलेवल तथा अन्य निर्धारित पार्किंग में पार्क कराया जावे तथा यह भी देखा जाए कि रोड पर अनावश्यक बसे खड़ी न हों वह निर्धारित बस स्टेण्ड के अन्दर पार्क हों। माननीय न्यायालय के अनुपालन में चलाए जा रहे यातायात अभियान के तहत बिना हेलमेट लगाने वाले दो पहिया वाहन चालकों के विरूद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की जाए और उन्हे हेलमेट लगाने के लिये प्रेरित किया जावे। इसके अलावा चार पहिया वाहन चालकों के सीट बेल्ट न लगाने पर चालानी कार्यवाही की जाए। इसके अतिरिक्त प्रायः देखने में आया है कि कतिपय पुलिसकर्मियों द्वारा भी बिना हेलमेट/सीट बेल्ट के वाहन चलाये जा रहे हैं, इन पर भी प्रभावी अंकुश लगाना सुनिश्चित करें। बैठक में एसपी ग्वालियर ने कहा कि ग्वालियर शहर में बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं प्रमुख बाजारों में भी यातायात प्रबंधन के लिये विशेष प्रयास किए जाना जरूरी है। यह भी सुनिश्चित किया जावे कि सार्वजनिक स्थल एवं शहर के प्रमुख मार्गो पर जाम की स्थिति निर्मित न हो इसके लिये यातायात पुलिस के साथ संबंधित थाना प्रभारी के साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जावे। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस अधिकारी व कर्मचारी शालीनता बनाए रखें।

## प्रेस्टीज प्रंबधन एवं शोध संस्थान, ग्वालियर मे दो दिवसीय 15वा अंतर्राश्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का सफल समापन



ग्वालियर,ः प्रेस्टीज प्रबंधन एवं शोध संस्थान, ग्वालियर ने अपनी बहुप्रतिश्ठित अंतर्राश्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के 15वें संस्करण के सफल समापन के माध्यम से अंतर्राश्ट्रीय स्तर पर एक नया योगदान शिक्षा एवं व्यवसायिक जगत को दिया। कॉन्फ्रेंस का आयोजन ऑनलाईन/ऑफलाईन, हाईब्रिड मोड पर किया गया। इस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रेस्टीज प्रबंधन संस्थान ग्वालियर ने षिक्षाविदों, औद्योगिक जगत से विषेशज्ञों एवं षोद्यार्थियों को एक साझा मंच प्रदान कर उन्हें एक सूत्र में पिरोने में सफलता प्राप्त की एवं पुनः एक नया आयाम स्थापित किया है। इस अंतर्राश्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रतिभागियों को वर्तमान परिदृष्य से स्वतः को जो?ने एवं नये तथ्यो के साथ विभिन्न सामाजिक, प्रबंधकीय एवं षोध के अन्य संदर्भो पर अपने षोध कार्यो को प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हुआ। कॉन्फ्रेंस के समापन सत्र में प्रेस्टीज प्रबंधन एवं शोध संस्थान, ग्वालियर के निदेषक एवं 15वा अंतर्राश्ट्रीय कॉन्फ्रेंस पैट्रन डॉ. डेविश जैन, चैयरमेन प्रेस्टीज एज्यूकेशन फाउण्डेशन ने अपने उद्बोधन में ऑनलाईन माध्यम से कहा कि प्रेस्टीज एज्यूकेशन फाउण्डेशन के बैनरतले इस तरह के आयोजन भविष्य में भी होते रहेंगे जिससे कहीं न कहीं शिक्षा जगत को एक सार्थक योगदान भी होगा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भी पूर्ति हो सकेगी। वहीं युवा छात्र-छात्राओं को भी प्रेक्ट्रीकल एक्स्पोजर मिलेगा जो उनके लिये लाभदायी सिद्ध होगा।प्रेस्टीज प्रबंधन एवं शोध संस्थान, ग्वालियर के निदेशक डॉ. निशांत जोशी ने अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के समापन सत्र के दौरान सदन को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2024 की यह अंतर्राश्ट्रीय कॉन्फ्रेंस इसलिए और भी विषेश बन चुकी है क्योंकि इस बार प्रेस्टीज प्रबंधन एवं शोध संस्थान, ग्वालियर की यह 15वा अंतर्राश्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ष्थ्वेजमतपदह प्दकनेजतल ।बंकमउपं च्तंजदमतेीपच वित त्तपअपदह प्ददवअंजपवद ंदक ैजतंजमहप्रपदह ज्तंकम - प्दकनेजतलष् मुख्य विषय पर आयोजित की गई जिसमें इंडोनेशिया, यू.के., ऑस्ट्रेलिया, दुबई, तुर्की, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, साउथ अफ्रीका आदि देशों से अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता दी एवं अपने शोध पत्र भी प्रस्तुत किये। इससे यह स्वतः ही स्पश्ट हो जाता है, कि प्रेस्टीज प्रबंधन संस्थान, ग्वालियर द्वारा आयोजित की गई अंतर्राश्ट्रीय कॉन्फ्रेंस प्रत्येक वर्ष की तरह इस 15वें संस्करण में भी अत्यधिक सराही गई।आज के समापन सत्र में एक पैनल डिशकशन आयोजित किया गया। इसके सह संयोजक विशेष उपमन्यू थे एवं गौरव जैशवाल थे। उन्होंने बताया कि इस पैनल डिशकसन का विषय अकेदमिया एवं इण्डस्ट्री के बीच जो गैप है उसको कैसे भरा जाए।

## पंजाबी सेवा समिति ग्वालियर :लोहड़ी दा जशन पारिवारिक मिलन 19 जनवरी को माधव मंगलम में पंजाबी समाज के मुख्य पर्व लोहड़ी के आते ही पंजाबी समाज के



घरों में उत्साह और खुशी के उमंग भरे पर्व लोहड़ी की तैयारी मैं लग जाते हैं वैसे तो लोहड़ी का पर्व हर वर्ष 13 जनवरी को ही मनाया जाता है और इस वर्ष भी 13 जनवरी को ही मनाया जाएगा क्योंकि इस पर्व की मान्यता बहुत ज्यादा है तो इस दिन लोग अपने घरों में वधु के प्रथम आगमन की एवं पुत्र रत्न के आगमन की प्रथम लोहड़ी के उपलक्ष में इस दिन अपने अपने घरों में अपने-अपने तरीके से मनाते हैं इसलिए पंजाबी सेवा समिति (झंग बिरादरी ) लोहड़ी दा जशन माधव मंगलम पैलेस नदी गेट तार घर प्रांगण मैं स्वर्णिम पर्व के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामाजिक मिलन कार्यक्रम 19 जनवरी शुक्रवार को समय रात्रि 7ः00 बजे से करने जा रहा हैकार्यक्रम को लेकर पंजाबी सेवा समिति के अध्यक्ष मोहनलाल अरोड़ा की अध्यक्षता में बैठक रखी गई जिसमें सचिव अजय बत्रा, उपाध्यक्ष अजय सपरा, कोषाध्यक्ष अश्वनी जुनेजा रामलीला समिति अध्यक्ष हरिओम नागपाल, जगन्नाथ पाहवा, तिलक राज बेरी, प्रवीण नागपाल,प्रवीण घई, मनोज जुनेजा,कमल मिगलानी, राम अरोड़ा, करण खुराना, नरेश तलूजा ,नरेंद्र बत्रा, बलदेव खुराना,नरेश अरोड़ाव समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे जिसमें कार्यक्रम संयोजक सत्यपाल बत्रा एवं सहसंयोजक राजकुमार बढ़जातयां एवं राकेश अरोड़ा को बनाया गया

## मध्य प्रदेश पुलिस मुरैना , यातायात पुलिस मुरैना एवं भारत स्काउट गाइड के सहयोग से यातायात रैली निकाली



मध्य प्रदेश पुलिस मुरैना , मध्य प्रदेश यातायात पुलिस मुरैना एवं भारत स्काउट गाइड मध्य प्रदेश के सहयोग से दिनांक 07 जनवरी 2024 को प्रातः यातायात रैली को पुलिस लाइन मुरैना से शैलेंद्र सिंह चौहान पुलिस अधीक्षक मुरैना द्वारा हरी झंडी दिखाकर यातायात रैली को रवाना किया ।।इस यातायात रैली में बड़ी संख्या में पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं भारत स्काउट गाइड मध्य प्रदेश के स्काउट, गाइड, रोवर रेंजर , यूनिट लीडर, बड़ी संख्या में यातायात रैली में सम्मिलित हुए।यातायात रैली में सुखदेव सिंह चौहान सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट चंबल संभाग मुरैना, शेखर सिंह यादव जिला सचिव जिला मुरैना, कनक सिंह चौहान रक्षित निरीक्षक पुलिस लाइन मुरैना, राकेश गुप्ता सी एस पी मुरैना, एम एस चौहान टी आई मुरैना, अरुण खेमरिया टी आई मुरैना , रोहित सिंह यादव यातायात पुलिस अधिकारी मुरैना , श्रीमती राजकुमारी परमार टी आई मुरैना, आदि अधिकारी गण यातायात रैली में सम्मिलित हुए।। यातायात रैली मुरैना नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए निकाली गई ।सुरक्षित यात्रा कैसे की जाए, हेलमेट लगाना आवश्यक क्यों है दुर्घटनाओं को कैसे रोके, इस संबंध में नारे लगाते हुए बैनर एवं तख्तियों में नारे लिखे हुए रैली निकाली गई।यातायात रैली के सफल आयोजन पर डॉक्टर दीपक पांडे संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग चंबल मुरैना ग्वालियर , डॉक्टर विवेक राठी अध्यक्ष जिला सिंह मुरैना, अशोक यादव जिला मुख्य आयुक्त जिला मुरैना, ए के पाठक जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कमिश्नर स्काउट जिला मुरैना, सुरेंद्र सिंह यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष संभागीय प्रशिक्षण केंद्र निर्माण समिति स्काउट गाइड चंबल संभाग मुरैना, ओपी शर्मा , जेपी कौशिक, गिर्राज सिंह यादव जिला हेडक्वार्टर कमिश्नर मुरैना, मुरारीलाल मवई मूलचंद गोड आदि पदाधिकारी ने बहुत-बहुत बधाई दी।।

# थाना महाराजपुरा पुलिस की कार्यवाही टेंट के व्यवसाय में विवाद होने पर अपने साले की हत्या करने वाले जीजा व उसके दो साथियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** थाना महाराजपुरा क्षेत्रान्तर्गत बेहटा चौकी क्षेत्र में आगरा-झांसी हाइवे बाइपास रोड के पास मुन्नालाल शर्मा की प्लाटिंग की रोड पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। उक्त सूचना पर पुलिस द्वारा मर्ग क्रमांक 01/2024 धारा 174 जाफौ कायम कर जांच में लिया गया। जांच में मृतक की पहचान उपेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 जनक सिंह यादव उम्र 23 साल निवासी ग्राम लिलवारी थाना असवार जिला भिंड के रूप में हुई। प्रथम दृष्टया जांच में पाया गया कि मृतक की हत्या गला घोंटकर किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा की गई है। जिस पर से थाना महाराजपुरा में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अप0क्र0 13/2024 धारा 302 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।उक्त हत्या की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल,भापुसे द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक (उत्तर) श्री अमृत मीना को थाना महाराजपुरा पुलिस की टीम बनाकर हत्या के अज्ञात आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशो के परिपालन में सीएसपी महाराजपुरा श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन में थाना महाराजपुरा पुलिस की टीम बनाकर उक्त हत्या की घटना के आरोपियों की पतारसी हेतु लगाया गया। दौराने विवेचना एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पुलिस को एक संदेही भूरे उर्फ संजय यादव निवासी बरेछा थाना सेवड़ा जिला दतिया का नाम ज्ञात हुआ, जो कि मृतक का बहनोई है। संदेही को पुलिस द्वारा तलव किया जाकर उक्त हत्या की घटना के संबंध में पूछताछ की गई तो उसके द्वारा पहले पुलिस टीम को गुमराह करने का प्रयास किया गया। बार-बार उसके कथनों में विरोधाभास होने पर पुलिस टीम द्वारा गहनता से पूछताछ की गई तो उसके द्वारा अपने दो अन्य दोस्तों के साथ मिलकर उक्त हत्या की घटना करना स्वीकार किया। संदेही के द्वारा अपने दो अन्य साथियों के नाम भी बताये गये जिन्हे पुलिस टीम द्वारा पकड़ा गया और पूछताछ में उन दोनों के द्वारा भी हत्या करना स्वीकार किया। पकड़े गये उक्त दोनों आरोपियों से नाम पता पूछने पर 1. चालीराजा उर्फ मामा पुत्र बहादुर बुंदेला निवासी ग्राम देवरदा थाना बलदेवगड़ जिला टीकमगड़ 2. उमर मोहम्मद पुत्र खालिद मोहम्मद निवासी ग्राम बरेछा थाना सेवड़ा जिला दतिया के होना पाये गये।पकड़े गये आरोपी भूरे उर्फ संजय यादव ने पूछताछ में बताया कि मृतक व वह रिश्तेदार हैं तथा दोनों मिलकर टेंट का व्यवसाय करते थे। लेकिन टेंट के व्यवसाय में आपसी विवाद होने से मृतक आरोपी को गालियां देता था, इस बात से खिन्न होकर आरोपी के द्वारा अपने दो अन्य दोस्तों के साथ मिलकर मृतक उपेन्द्र सिंह को मारने की योजना बनाई। उसके द्वारा मृतक को बड़ेगांव के पास बुलाया और अपनी कार में बैठाकर प्लाट दिखाने के बहाने से बेहटा हाइवे के पास ले गया। तीनों आरोपियों ने मिलकर रस्सी से गला घोंटकर उपेन्द्र यादव की हत्या कर दी। पुलिस आरोपियों को रिमाण्ड पर लेकर हत्या में प्रयुक्त कार, रस्सी तथा आरोपियों के मोबाइल बरामद करेगी। पकड़े गये आरोपियों में भूरे उर्फ संजय यादव के विरूद्ध मारपीट के प्रकरण तथा चालीराजा उर्फ मामा के खिलाफ धारा 354 भादवि व आर्म्स एक्ट के प्रकरण पंजीबद्ध हैं और वह भिण्ड जिले में गोली चलाने की घटना करना भी बता रहा है एवं उमर मोहम्मद पूर्व में हत्या के अपराध में वांछित रहा है। आरोपियों के अन्य आपराधिक रिकॉर्ड के संबंध में जानकारी ली जा रही है।

**गिरफ्तार आरोपीः-**

1. भूरे उर्फ संजय यादव निवासी बरेछा थाना सेवड़ा जिला दतिया
2. चालीराजा उर्फ मामा पुत्र बहादुर बुंदेला निवासी ग्राम देवरदा थाना बलदेवगड़ जिला टीकमगड़
3. उमर मोहम्मद पुत्र खालिद मोहम्मद निवासी ग्राम बरेछा थाना सेवड़ा जिला दतिया

सराहनीय भूमिकाः- थाना प्रभारी महाराजपुरा निरीक्षक हितेन्द्र सिंह राठौर, उप निरीक्षक रामचन्द्र शर्मा प्रभारी बेहटा चौकी, प्र.आर. उमेश शर्मा, ओमकार शर्मा, दामोदर शर्मा(बेहटा चौकी), आरक्षक गोविन्द्र राजावत, भीकम सिकरवार, गिर्राज शर्मा, ध्रुव गुर्जर, कुंजबिहारी शर्मा, नितिन गुर्जर, शैलेन्द्र शर्मा, अनिल गुर्जर (थाना महाराजपुरा) एवं साइबर सेल से- आरक्षक आकाश पाण्डेय, अजय राठौर, मनोज भारद्वाज, जयंत गुर्जर, सोनू प्रजापति की सराहनीय भूमिका रही।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478